प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू–कश्मीर में 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे–विश्व का सबसे ऊंचा चिनाब रेल पुल राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- राज्य के वरिष्ठ नागरिको को रामेश्वरम की निशुल्क तीर्थयात्रा करवाने के लिए पहली वातानुकुलित "राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन" आज जयपुर से रवाना होगी।
- प्रदेश में घुमंतू समुदायों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रवेशोत्सव अभियान चलाया जायेगा।
- निर्जला एकादशी पर आज राज्य में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू–कश्मीर में 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी उधमपुर–श्रीनगर–बारामुला रेल लिंक परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 272 किलोमीटर के इस रेल लिंक पर लगभग 44 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। पूरी तरह से विद्युतीकृत इस परियोजना में 36 सुरंग और नौ सौ 43 पुल हैं। प्रधानमंत्री आज विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल – अंजी खड का भी शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी दो वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडी को भी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इनमें एक श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक और दूसरी श्रीनगर से कटरा के लिए होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री विभिन्न सड़क परियोजनाओं का भी शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। इनसे अंतिम छोर तक संपर्क और विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों तक संपर्क बढ़ेगा।

..................

केंद्र सरकार आज उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका उद्देश्य देशभर में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को सुव्यवस्थित करना है। यह पोर्टल सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियमन को बेहतर बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। वक्फ संपत्तियाँ वे धार्मिक संपत्तियाँ होती हैं जो इस्लामिक कानून के तहत धार्मिक या परोपकारी कामो के लिए समर्पित होती हैं। उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण के लिए संपत्तियों का विस्तृत विवरण, माप और जियो–टैग की गई लोकेशन, अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और इससे संबंधित विवादों में भी कमी आएगी।

..................

गृह मंत्रालय ने कहा है कि 2021 की जनगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं लेकिन देश भर में कोविड–19 महामारी के कारण काम स्थगित कर दिया गया था। गृह मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोविड–19 का असर काफी समय तक जारी रहा और इसने शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया। गौरतलब है कि सरकार ने दुबारा जनगणना करने का फैसला किया है जो पहली मार्च 2027 को पूरी होगी।

..................

प्रदेश के वरिष्ठ नागरिको को रामेश्वरम की निशुल्क तीर्थयात्रा करवाने के लिए तैयार की गई "राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन" आज रवाना होगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर के दुर्गापुरा रेल्वे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इस वातानुकुलित रेलगाडी को रवाना करेंगे। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना– 2025 के तहत बजट घोषणा अनुसार पहली बार वातानुकूलित ट्रेन से तीर्थयात्रा करायी जा रही है। इस ट्रेन में 800 तीर्थयात्री सवाईमाधोपुर के रास्ते रामेश्वरम और मदुरै की यात्रा करेंगे। प्रदेश की प्रकृति और संस्कृति के अनुरूप सुसज्जित यह ट्रेन बाहर से पैलेस ऑन व्हील्स से भी अधिक भव्य है।

..................

प्रदेश में घुमंतू समुदायों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विशेष प्रवेशोत्सव अभियान चलाया जायेगा। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग को इसके निर्देश दिए है। अभियान के तहत आंगनबाड़ी या विद्यालय जाने योग्य बच्चों को चिन्हित कर उनकी आयु के अनुसार उन्हें

आंगनबाड़ी या स्कूल में प्रवेश दिया जायेगा। संस्था प्रधानों को घुमन्तु जाति पहचान पत्र बनाकर सरकारी स्कूलों में अधिकारिक प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे आधार या जन्म प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर ये बच्चे पढाई से वंचित न रहे। शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में अगले महीने सरकारी विद्यालयों में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कराने का फैसला किया है। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के तहत इन शिविरों में विद्यार्थियों के साथ–साथ स्कूल बस चालकों की आंखों की भी निःशुल्क जांच की जाएगी। परीक्षण के बाद छात्रों और ड्राइवरों को निःशुल्क चश्में उपलब्ध कराए जाएंगे।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में सबसे अधिक आवश्यकता पानी की है। इसलिए राज्य सरकार ने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, माही बांध और देवास जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया है। वे कल बूंदी के केशोरायपाटन में 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने परवन वृहद् सिंचाई परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे कोटा, बारां और झालावाड़ जिलों में 2 लाख हेक्टेयर से अधिक सिंचित क्षेत्र सृजित होगा। साथ ही कहा कि चंबल नदी पर धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना का काम चल रहा है, जिससे धौलपुर जिले में लगभग 40 हजार हेक्टेयर नया सिंचित क्षेत्र विकसित होगा। श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने महिलाओं से एक पेड मां के नाम अभियान में बढ चढकर भाग लेने की अपील की।

..................

आज निर्जला एकादशी है। प्रदेश में इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन हो रहे है। कल से शुरू हुए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज निर्जला एकादशी पर वंदे गंगा जल सेवा की जायेगी। इसके अनुसार रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को पानी पिलाया जायेगा। इसके साथ ही जल परीक्षण अभियान जल संरचनाओं की गाद निकालना और पशु पक्षियों के लिए साफ पीने के पानी की व्यवस्था करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। निर्जला एकादशी पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे है। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। भीलवाडा और पाली में विभिन्न स्थानों पर छाछ, शिकंजी और मिल्करोज के स्टॉल्स लगाकर लोगों को पिलाया जा रहा है। हनुमानगढ में मंदिरों में विशेष दान के कार्यक्रम हो रहे है। कोटा के मथुराधीश मंदिर में शाम को विशेष श्रृंगार और महाआरती का आयोजन होगा।

..................

भारतीय रिज़र्व बैंक आज द्वि–मासिक मौद्रिक नीति की समीक्षा के बाद नीतिगत ब्याज दरों की घोषणा करेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर कटौती पर निर्णय लेने के लिए बुधवार को तीन दिन की बैठक शुरू की थी।

..................

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय–एनएसडी आज से दिल्ली में ग्रीष्मकालीन नाट्य समारोह का आयोजन करेगा। 13 जुलाई तक चलने वाले इस समारोह में 45 से अधिक नाटक दिखाए जायेंगे। रोजाना दो नाटकों का मंचन किया जाएगा, जिसमें पहला मंचन दोपहर साढे तीन बजे और दूसरा शाम सात बजे होगा। इस बार समारोह में अजय शुक्ला के ताजमहल का टेंडर, मोहन राकेश के आधे अधूरे, धर्मवीर भारती के अंधा युग सहित अभिज्ञान शाकुंतलम, लैला मजनूं, बाबू जी और समुद्र मंथन जैसे नाटक शामिल हैं।

..................